सेशल्स का उपहार
अल्डब्रा कछुआ

मासिक घटनाक्रम संग्रह

जून 2018

शिलोंग बना 100वां स्मार्ट शहर

HindvanshiEducation.com

- सखी सुरक्षा उन्नत डीएनए फॉरेंसिक प्रयोगशाला द्वारा चंडीगढ़ में महिला सुरक्षा संबंधी “सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैब” की स्थापना की गई।

  यह महिला सुरक्षा के लिए समर्पित भारत की प्रथम उन्नत फॉरेंसिक साइंस प्रयोगशाला है।

  इस प्रयोगशाला में यौन उत्पीडन से जुड़े लंबित मामलों की फारेंसिक डीएनए जांच करवाने में मदद मिलेगी।

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने विश्व बैंक के साथ 500 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

  इस परियोजना के तहत 7,000 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण किया जाना है जिसमें से 3,500 किलोमीटर का निर्माण हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके किया जाएगा।

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट प्रणोदन प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित पहली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

  यह परीक्षण संयुक्त रूप से भारत और रूस द्वारा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते के तहत किया गया है।

  यह प्रौद्योगिकी भारत की 'सतह से हवा' और 'हवा से हवा' की मिसाइलों के बेहतर प्रदर्शन में सहायक होगी।

- भारतीय महिला भारोत्तोलक संजीता चानू के डोप टेस्ट में फेल होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने उन्हें अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है।

- भारतीय और नेपाल के सैनिकों के बीच भारत-नेपाल संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास सूर्य किरण-XIII का आयोजन जून में उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में किया जाएगा।

- अमेरिका के घोषणा के अनुसार यूएस पैसिफिक कमांड का नाम परिवर्तित कर के यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड रखा जाएगा।

- सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक ने महिलाओं को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग हेतु प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया।

  इस कार्यक्रम के तहत 1 वर्ष की अवधि में देश के प्रमुख शहरों के विश्वविद्यालयों में 60,000 महिलाओं को जागरूकता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

- जून 2018 में भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया।

हिन्दवंशी

इस साक्षरता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के बीच वित्तीय उत्पादों और अच्छे वित्तीय प्रथाओं के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

आरबीआई इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहकों को नवीनतम आरबीआई निर्देशों के प्रति जागरूक करती है।

✓ कोलम्बिया जल्द ही औपचारिक रूप से उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के साथ नाटो में सम्मिलित होने वाला प्रथम लैटिन अमेरिकी राष्ट्र बन जाएगा।

कोलम्बिया नाटो में 'वैश्विक भागीदार' के रूप में शामिल हुआ है।

वैश्विक भागीदार देशों को नाटो के सैन्य कार्रवाई में भाग लेने की बाध्यता नहीं होती है जबकि पूर्णकालिक सदस्य देश नाटो की सैन्य कार्रवाई में भाग लेते हैं।

✓ चीन ने जापान को 3-1 से पराजित कर पुरुष विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता थॉमस कप का खिताब जीत लिया।

✓ उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में स्थित मुगलसराय जंक्शन का नाम बदलकर दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन किया गया।

✓ भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचैम) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरे) के उत्पादन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पांचवे स्थान पर है।

इस सूची में चीन, अमेरिका, जापान और जर्मनी क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

भारतीय राज्यों में महाराष्ट्र 19.8% के साथ सूची में सबसे ऊपर है, तमिलनाडु 13%, उत्तर प्रदेश 10%, क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर है।

✓ 5 जून, 2018 को आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस 2018 का वैश्विक मेज़बान देश भारत है।

विश्व पर्यावरण दिवस 2018 का विषय, "प्लास्टिक प्रदूषण को हराना" है।

✓ भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं की ऋण जानकारी के भंडारण हेतु एक पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री स्थापित करने की घोषणा की।

यह क्रेडिट रजिस्ट्री वाई एम देवस्थली की सिफारिशों के आधार पर स्थापित की गई है।

इस क्रेडिट रजिस्ट्री के माध्यम से बैंक तथा वित्तीय संस्थाओं को ऋण लेने वालों की पूरी जानकारी प्राप्त हो सकेगी तथा खराब उधारकर्ताओं और अच्छे उधारकर्ताओं की जानकारी मिल सकेगी।

हिन्दवंशी

✓ केंद्र सरकार ने भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र की नई नीति निर्धारण हेतु बाबा कल्याणी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है।

यह समिति वर्तमान आर्थिक स्थिति के अनुसार निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के उपायों का सुझाव प्रस्तुत करेगी।

✓ भारतीय नौसेना जहाज सुनयना ने आपदा राहत अभियान “ऑपरेशन निस्टर” के तहत 38 भारतीय नागरिकों को यमन में चक्रवात से प्रभावित सोकोत्र द्वीप से बचाया।

✓ सिडनी स्थित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा 'ग्लोबल पीस इंडेक्स 2018' का प्रकाशन किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक 163 देशों की सूची में भारत को 136 वां स्थान प्रदान किया गया।

इस रिपोर्ट के अनुसार आइसलैंड लगातार 11वें वर्ष भी दुनिया का सर्वाधिक शांतिपूर्ण देश है।

✓ विश्व बैंक ने जल संसाधन मंत्रालय, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की ‘अटल भूजल योजना’ के लिए 6000 करोड़ राशि की वित्तीय सहायता को मंजूरी प्रदान की है।

✓ आईडीबीआई बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक महेश कुमार जैन को भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है।

✓ केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने तीन उच्च स्तरीय पैनल का गठन किया जिसमे से एक राजधानी दिल्ली में ‘भारत के प्रधानमंत्री’ नामक संग्रहालय की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

✓ संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्यों के रूप में दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, डोमिनिकन गणराज्य, जर्मनी और बेल्जियम को चुना।

यह चयन 2 वर्ष के कार्यकाल अवधि के लिए 1 जनवरी 2019 से प्रारंभ होगा।

✓ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में पूर्व राष्ट्रीय जांच एजेंसी अध्यक्ष शरद कुमार को नियुक्त किया गया।

हिन्दवंशी

- ✓ केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सामान्य सेवा केंद्रों के साथ साझेदारी में 5000 गांवों में वाई फाई चौपाल स्थापित करने की घोषणा की।

  वाई-फाई चौपाल का उद्देश्य भारतनेट के माध्यम से ग्रामीण इंटरनेट कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

- ✓ भारतीय रेलवे ने utsonmobile नामक मोबाइल ऐप पेश किया है, जिसमें यात्री नॉन रिजर्व यानी जनरल टिकटों एवं प्लेटफॉर्म टिकटों की बुकिंग कर सकेंगे।

  टिकट बुकिंग के अलावा इस ऐप पर टिकट कैंसिल, प्लेटफॉर्म टिकट, वॉलेट से पेमेंट और बुकिंग हिस्ट्री जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

- ✓ हिमालय के दक्षिणी तराई क्षेत्र के 12 नेपाली जिलों में ट्यूबवेल स्थापित कर क्षेत्र में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा नेपाल-भारत मैत्री सिंचाई परियोजना को सहमति प्रदान की गई।

- ✓ बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 12 जून को 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' के रूप में आयोजित किया जाता है।

  वर्ष 2018 में आयोजित 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' दिवस का विषय 'पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ' है।

- ✓ स्मार्ट सिटी मिशन के तहत नया रायपुर देश का पहला स्मार्ट ग्रीनफील्ड शहर है।

- ✓ नीति आयोग ने देश के जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन में प्रदर्शन का आकलन और सुधार करने के उद्देश्य से " समग्र जल प्रबंधन सूचकांक" का शुभारंभ किया।

  समग्र जल प्रबंधन सूचकांक जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन के आकलन और उनमें सुधार लाने का एक प्रमुख साधन है।

- ✓ पंजाब के जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में 106वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जाएगा।

  पांच दिवसीय विज्ञान कांग्रेस का विषय 'भविष्य भारत: विज्ञान और प्रौद्योगिकी' है।

  2018 में इंफाल स्थित मणिपुर विश्वविद्यालय परिसर में 105वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया था।

- ✓ सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2018 का आयोजन नेपाल की राजधानी काठमांडू में होगा।

हिन्दवंशी

इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय “स्मार्ट सोसाइटी के लिए सतत विकास लक्ष्य” है।

सम्मेलन का उद्देश्य टिकाऊ आईसीटी अनुप्रयोगों का उपयोग करके योजनाओं के विकास के लिए सरकार और निजी क्षेत्र को एक साथ लाना है।

- ✓ तेलंगाना की कासीभट्ट सम्हिता 16 साल की उम्र में बी.टेक. की पढ़ाई पूरी कर राज्य की सबसे कम उम्र की महिला इंजीनियर बन गई हैं।

- ✓ भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री के दो शानदार गोलों की मदद से भारतीय फुटबॉल टीम ने हीरो इंटरकॉन्टिनेंटल कप के फाइनल मुकाबले में केन्या को 2-0 से पराजित किया।

- ✓ उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने राज्य में बन रही सभी जल विद्युत परियोजनाओं पर रोक लगा दी है।

  न्यायालय ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को 8 हफ्तों के भीतर पावर प्रोजेक्टों के मलवा निस्तारण के लिये डम्पिंग जोन बनाने के निर्देश दिए हैं।

- ✓ संयुक्त राज्य अमेरिका ने बौद्धिक संपदा चोरी और अनुचित व्यापार प्रथाओं के तहत चीन के $ 50 बिलियन अमरीकी डालर सामान पर 25% टैरिफ कर लगाया है।

- ✓ केंद्रीय सड़क परिवहन और जल संसाधन मंत्रालय द्वारा संयुक्त रुप से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में इंटरमोडल टर्मिनल की आधारशिला रखी गई।

- ✓ अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हाट्सटन ने अंतरिक्ष में सर्वाधिक दिनों तक रुकने का रिकॉर्ड बनाया।

  उसने जेफ विलियम्स द्वारा निर्धारित पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने अंतरिक्ष में कुल 534 दिन बिताए थे।

  पैगी व्हाट्सटन पृथ्वी पर वापस लौटने के समय तक कुल 665 दिन अंतरिक्ष में रुकेगी।

- ✓ भारतीय सेना राजस्थान के जैसलमेर स्थित मिलिट्री स्टेशन को केंद्र सरकार प्रायोजित स्मार्ट शहर योजना पैटर्न के आधार पर एक स्मार्ट सुविधा केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है।

- ✓ हरियाणा सरकार ने सात सामाजिक मानकों (लिंग अनुपात, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शासन और सामाजिक भागीदारी) के आधार पर अपनी पंचायतों को स्टार रैंकिंग देने के लिए 7-सितारा ग्राम पंचायत इंद्रधनुष योजना शुरू की है।

हिन्दवंशी

- ✓ केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी परियोजना का शुभारंभ किया।

  यह परियोजना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर के द्वारा संचालित की जाएगी।

- ✓ केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए नीतिगत दृष्टिकोणों को समन्वयित करने के लिए मुख्यमंत्रियों के उपसमूह का गठन किया है।

  इस समिति की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की जाएगी।

  इसके अन्य सदस्य आंध्र प्रदेश, गुजरात, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्री होंगे।

- ✓ राजस्थान के सभी सरकारी स्कूलों में शनिवार का अंतिम पीरियड 'संस्कार पीरियड' होगा, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट पहचान वाले लोग क्लास में आकर महापुरुषों के जीवन के प्रेरणादायक कहानियां सुनाएंगे।

- ✓ असम सरकार भारत में कैंसर के सस्ते उपचार और मरीजों की देखभाल के लिए कैंसर केयर फाउंडेशन शुरू करने वाला पहला राज्य होगा।

- ✓ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने फरीदाबाद जिला के नवादा गांव में 20 करोड़ रूपये लागत से स्थापित की जाने वाली भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम की सहायक उत्पदान इकाई 'कृत्रिम अंग फिटिंग केन्द्र' का शिलान्यास किया।

  साथ ही मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों के लिए हरियाणा में 5 एकड़ क्षेत्र में एक अस्पताल स्थापित करने की घोषणा की।

- ✓ पंजाब सरकार ने व्यवसाय को सरल बनाने के उदेश्य से 'बिजनेस फर्स्ट पोर्टल' लॉन्च किया है।

  यह ऑनलाइन पोर्टल उद्योगपतियों को विनियामक निकासी और वित्तीय स्वीकृति हेतु एक ही मंच पर सभी सुविधाएं प्रदान करेगा।

- ✓ जर्मनी की दिग्गज कार कंपनी ऑडी के सीईओ रूपर्ट स्टैडलर को बर्लिन पुलिस ने डीजल गाड़ियों की प्रदूषण परीक्षण प्रणाली में घोटाला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

- ✓ अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को इज़राइल विरोधी होने का इल्जाम लगाते हुए परिषद से बाहर होने की घोषणा की।

हिन्दवंशी

- ✓ बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने देश में बीमा प्रवेश बढ़ाने के उद्देश्य से बीमा विपणन फर्मों से संबंधित मानदंडों की समीक्षा करने के लिए सुरेश माथुर की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय समिति गठित की है।

  यह समिति मुख्यतः बीमा विपणन फर्मों के पंजीकरण विनियम, 2015 की समीक्षा कर वितरण चैनल को मजबूत करने के उपायों की सिफारिश करेगी।

- ✓ गांधीनगर, गुजरात में विश्व का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी फॉरेंसिक केंद्र स्थापित किया गया।

  यह केंद्र भूटान, नेपाल और मालदीव के साथ गुजरात फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी में रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के क्षेत्रीय प्रतिनिधिमंडल का संयुक्त उद्यम है।

  यह केंद्र आपातकाल और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय प्रयासों की सहायता के लिए मानवतावादी सेवाओं के लिए फोरेंसिक का उपयोग करेगा।

- ✓ तमिलनाडु की अनुकृति वास ने 'फेमिना मिस इंडिया 2018' का खिताब जीता।

- ✓ केंद्र सरकार ने बाढ़ के बेहतर पूर्वानुमान के लिए गूगल से साझेदारी की है।

  जल संसाधन क्षेत्र में तकनीकी संगठन केंद्रीय जल आयोग ने सर्च इंजन गूगल के साथ यह समझौता किया।

  इस समझौते के तहत गूगल द्वारा विकसित प्लेटफॉर्मों के माध्यम से बाढ़ पूर्वानुमान और लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मानचित्रण में उसकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल आयोग द्वारा किया जाएगा।

- ✓ सिक्किम सरकार ने संगीतकार ए.आर. रहमान को राज्य का ब्रैंड ऐम्बैसडर नियुक्त किया है।

- ✓ गुजरात सरकार ने गिर राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य में एशियाई शेरों को परेशान करने या अवैध रूप से आकर्षित करने वालों के लिए 7 साल तक की सज़ा निर्धारित की है।

- ✓ केंद्र सरकार ने उत्तरी कोयल नदी पर उत्तरी कोयल नदी सिंचाई परियोजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।

  इस परियोजना के तहत झारखंड के कुत्तकु मंडल में 64.82 मीटर ऊंचा बांध बनाया जाएगा, जिसे मोहम्मदगंज बैराज और इंद्रपुरी बैराज द्वारा जल आपूर्ति की जाएगी।

हिन्दवंशी

✓ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर राजस्थान के कोटा शहर में 1.6 लाख लोगों ने एक ही समय में एक ही स्थान पर योग करने वाले लोगों की सबसे बड़ी संख्या का विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया।

✓ भारत के गृहमंत्री ने मंगोलिया के दक्षिणी दोरनोगोबई प्रांत में भारत द्वारा वित्त पोषित तेल रिफाइनरी के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

यह रिफाइनरी प्रति वर्ष 1.5 मिलियन टन कच्चे तेल की प्रसंस्करण करेगी।

✓ इंग्लैंड ने मंगलवार को पुरुष वनडे क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

ट्रेंट ब्रिज मैदान में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में इंग्लैंड ने 6 विकेट पर 481 रन बनाए।

✓ मेघालय की राजधानी शिलांग का चयन 100वें स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया है।

✓ योग के प्रोत्साहन और विकास में असाधारण योगदान के लिए नासिक के विश्वास मांडलिक और मुंबई के योग संस्थान को इस वर्ष के 'प्रधानमंत्री योग पुरस्कार' के लिए चुना गया है।

✓ पंजाब में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने 'आइ हरियाली' एप लांच किया है।

इस ऐप की मदद से प्रत्येक यूजर अधिकतम 25 पौधे अपने नजदीकी नर्सरी से बुक करा सकता है।

✓ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए इसरो ने चयनित एनजीओ, ट्रस्ट् और राज्य सरकार के विभागों के साथ पायलट पैमाने पर ग्राम संसाधन केंद्र की स्थापना की।

इस कार्यक्रम के तहत कुल 473 ग्राम संसाधन केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत इसरो प्राकृतिक संसाधनों की जानकारी, कृषि से संबंधित परामर्श, ग्रामीण छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन और व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसे विभिन्न अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी शिक्षण सेवाएं प्रदान करेगा।

✓ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) से सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष मलबे को साफ करने के लिए "रिमूव डेब्रिस" नामक उपग्रह को तैनात किया गया।

उपग्रह का निर्माण यूनाइटेड किंगडम स्थित 'सरे सैटेलाइट टेक्नोलॉजी लिमिटेड' द्वारा किया गया है।

यह परियोजना यूरोपीयन यूनियन द्वारा वित्त पोषित है।

हिन्दवंशी

- ✓ एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक ने मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए भारत के राष्ट्रीय निवेश और बुनियादी ढांचा कोष (NIIF) में $200 मिलियन के निवेश को मंजूरी दी है।

- ✓ केंद्र सरकार द्वारा देश में मेट्रो रेल प्रणाली के मानकों को निर्धारित करने के लिए “ई श्रीधरन” की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है।

  इस समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न मेट्रो रेल प्रणालियों के लिए एक समान मानकों को स्थापित करना है।

- ✓ उत्तर प्रदेश सरकार ने गंगा नदी के तट पर स्थित राज्य के 27 जिलों में गंगा हरीतामे योजना (गंगा हरियाली योजना) का शुभारंभ किया।

  इस योजना का उद्देश्य गंगा नदी के जल ग्रहण क्षेत्र और भूमि क्षरण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है।

  इस परियोजना के तहत नदी तट के किनारे से 1 किलोमीटर के क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाएगा।

- ✓ दुनियाभर के समंदरों में मिल रहे कचरे के लिए जिम्मेदार नदियों में चीन की यांग्त्जे नदी पहले स्थान पर है।

- ✓ कोलंबिया में संपन्न राष्ट्रपति चुनावों में डेमोक्रेटिक सेंटर पार्टी के उम्मीदवार इवान ड्यूक जीत हासिल कर कोलंबिया के अब तक के सबसे युवा राष्ट्रपति बने हैं।

- ✓ मेसेडोनिया ने अपने देश का नाम बदलकर उत्तरी मेसेडोनिया गणराज्य रखने की घोषणा की है।

- ✓ वर्ष 2018 के विश्व खाद्य पुरस्कार से लॉरेंस हद्दाद और डेविड नाबरो को सम्मानित किया गया।

- ✓ सेशेल्स के राष्ट्रपति द्वारा उपहार स्वरूप भारतीय प्रधानमंत्री को एल्डब्रा कछुए का एक जोड़ा भेंट किया गया।

  एल्डब्रा कछुआ प्रजाति, विश्व की सबसे लंबी (200 वर्ष से अधिक) जीवित जानवर प्रजाति है।

  यह प्रजाति विश्व के सबसे बड़े कछुआ प्रजातियों में से एक है, जो मुख्यतः अफ्रीकी देश सेशेल्स में निवास करती है।

हिन्दवंशी

- पंजाब के जलंधर में भूमिगत जल के दोहन को नियंत्रित करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा “पानी बचाओ – पैसा कमाओ” अभियान प्रारंभ किया गया।

  इस अभियान के माध्यम से पंजाब सरकार किसानों को ट्यूबवेल से कम जल दोहन करने पर मौद्रिक लाभ प्रदान करेगी।

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में देश के 10 वें स्मार्ट सिटी एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया है।

- महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में जनजातीय समुदाय के लिए आर्थिक सहयोग और कल्याण को बढ़ाने के लिए कनाडा के क्यूबेक प्रांत के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

  समझौते के तहत सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमता और जनजातीय समुदाय के कल्याण पर फोकस किया जाएगा।

- केन्द्रीय खेल एंव युवा मामलों के मंत्रालय ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज लिम्बा राम के इलाज के लिए 5 लाख रुपये की विशेष वित्तीय सहायता को मंजूरी दी हैं।

- केंद्र सरकार ने GEF अनुदान स्वरूप 15 मिलियन डॉलर की सहयोग राशि प्रदान करने की अनुमति प्रदान की।

  वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) एक वित्तीय व्यवस्था है, जो विकासशील देशों को उन परियोजनाओं के लिए अनुदान प्रदान करता है जो वैश्विक पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में काम करती है।

- विश्व के सबसे बड़े बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास ‘RIMPAC’ का आयोजन हवाई, अमेरिका में किया जाएगा।

  इस अभ्यास कार्यक्रम में भारत सहित कुल 26 देशों की नौसेना संयुक्त रुप से युद्ध अभ्यास करेगी।

- तुर्की के राष्ट्रपति चुनावों में राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने जीत हासिल कर ली है।

  एर्दोआन लगातार पिछले 15 वर्ष से सत्ता पर काबिज हैं।

- थाईलैंड में आयोजित ‘आईफा अवॉर्ड्स 2018’ में दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी को ‘मॉम’ के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और इरफान खान को ‘हिंदी मीडियम’ फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है।

हिंदवंशी

- ✓ हरियाणा सरकार राज्य में योग को प्रोत्साहित करने के लिए योग आयोग का गठन करेगी।

- ✓ गुजरात सरकार ने किसानों की बिजली समस्या के समाधान हेतु ‘सूर्य शक्ति किसान योजना’ शुरू की है।

  गुजरात सरकार किसानों को इस योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी मुहैया करवाएगी।

- ✓ सऊदी अरामको और एडनॉक ने महाराष्ट्र के रत्नागिरी में एकीकृत रिफाइनरी एवं पेट्रो-रसायन परिसर को संयुक्त रूप से विकसित एवं निर्मित करने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

- ✓ चेन्नई के आर. प्रागनानांधा भारत के पहले सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गये हैं।

  विश्व स्तर पर इस उपलब्धि के साथ वे दूसरे स्थान पर हैं।

- ✓ 'आईफा अवॉर्ड्स 2018' में अभिनेता अनुपम खेर को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए 'आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

- ✓ पेरिस, फ्रांस में आयोजित फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की आधिकारिक बैठक में आतंकवाद और मौद्रिक वित्तपोषण में असफल देशों को सूचीबद्ध किया गया।

  इस सूची में पाकिस्तान को ग्रे सूची में स्थान प्रदान किया गया है।

  इससे अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा पाकिस्तान की ऋण रेटिंग में कमी आएगी।

हिन्दवंशी

- ✓ वैश्विक रियल स्टेट पारदर्शिता सूचकांक में भारत को 100 देशों की सूची में 35 वां स्थान प्रदान किया गया।

  2017 में भारत को इस सूचकांक में 36 वां स्थान प्रदान किया गया था।

- ✓ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दुधारु पशुओं से दूध निकालने के लिए देश में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाने वाली आक्सीटॉक्सीन दवा के निजी क्षेत्र में निर्माण पर रोक लगा दी है।

- ✓ देश में 65 लाख टन तक के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण के लिए ओडिशा में चांदीखोल तथा कर्नाटक में पदुर को चयनित किया गया है।

- ✓ महाराष्ट्र स्थित सांगली की हल्दी को भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा ज्योग्राफिकल इंडेक्स (जीआई) टैग प्रदान किया गया।

- ✓ जर्मनी में जारी जूनियर निशानेबाज़ी विश्व कप में भारत के सौरभ चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल का स्वर्ण पदक जीता है।

- ✓ राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने दूसरे संयुक्त राष्ट्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम दिवस के अवसर पर एमएसएमई द्वारा आयोजित उद्यम संगम- 2018 का उद्घाटन किया।

  उद्यम संगम वित्त, प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक संस्थान, उद्योग, मीडिया, राज्य सरकारों और गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों को एमएसएमई क्षेत्र में ईको व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श करने का मौका उपलब्ध कराएगा।

- ✓ लाहौर के यूसुफ सलीम ने पाकिस्तान के पहले नेत्रहीन न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है।

HindvanshiEducation.com